# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

22 नवंबर 2021, सोमवार

## भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी द्वारा गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने उत्तर प्रदेश में विकास के एक नए युग की शुरुआत की है। आने वाले विधान सभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पिछले सारे रिकॉर्ड ध्वस्त होंगे और भारतीय जनता पार्टी की भव्य विजय निश्चित है। हमें प्रदेश को संकल्प से सिद्धि की ओर ले जाना है।**

***************************

**हमें प्रजातंत्र पर विश्वास है लेकिन सपा, बसपा और कांग्रेस सहित विपक्ष को परिवारतंत्र में विश्वास है, वहां केवल एक परिवार ही पनप सकता है। हम सांस्कृतिक राष्ट्रवाद में आस्था रखते हैं तो वे वंशवाद में। हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है तो उनके लिए एक परिवार का वंश ही सर्वोपरि है।**

***************************

**हम सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की राजनीति करते हैं, वे वोट बैंक और वर्ग विशेष के तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। हम अंत्योदय के लिए कार्य करते हैं, वे एक परिवार के उदय के लिए कार्य करते हैं। पहले तो चाचा के लिए भी करते थे लेकिन अब तो चाचा को भी छोड़ दिया है।**

***************************

**भारतीय जनता पार्टी तो महात्मा गाँधी से लेकर सरदार पटेल तक और देश के पुनर्निर्माण में योगदान देने वाले हर वीर सपूत और स्वतंत्रता सेनानियों का सदैव स्मरण करती रहती है लेकिन क्या कारण है कि जब-जब चुनाव आते हैं तो विपक्ष को पाकिस्तान और जिन्ना याद आ जाता है?**

***************************

**विपक्ष को जनता को यह बताना चाहिए कि आजादी के इतने साल बाद भी राष्ट्रीय योद्धाओं और देश के लिए कुर्बान हो जाने वाले महान मनीषियों का स्मरण करने के बजाय उन्हें संकीर्ण मानसिकता वाले लोग, देश को बांटने वाले लोग और आतंक के पनाहगाह क्यों याद आते हैं? ऐसे लोगों को इतिहास भी कभी माफ़ नहीं करेगा।**

***************************

**उत्तर प्रदेश का यह चुनाव देश को भ्रमित करने का निकृष्ट कार्य करने वालों को सबक सिखाने का अवसर है। इसलिए सही जगह बटन दबाएँ क्योंकि गलत जगह बटन दब जाय तो जिन्ना याद आता है, पर सही जगह बटन दबे तो राष्ट्र सर्वोपरि होता है।**

***************************

**यह केवल भारतीय जनता पार्टी है जिसके अंदर आंतरिक लोकतंत्र है जहाँ साधारण से साधारण परिवार से आने वाला कार्यकर्ता भी देश के प्रधानमंत्री पद को सुशोभित कर सकता है और मुझ जैसा एक साधारण पार्टी कार्यकर्ता भी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है।**

***************************

विपक्ष के पास कोई भी मुद्दा नहीं है लेकिन आपके पास माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र और योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार की अनगिनत उपलब्धियाँ हैं, इसे आप घर-घर पहुंचाएं।

***********************

देश में अब तक 116 करोड़ कोविड टीके लग चुके हैं जबकि उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा लगभग 14.54 करोड़ वैक्सीन डोज एडमिनिस्टर्ड हुए हैं जो कि एक रिकॉर्ड है। पहले भारत वैक्सीन की याचना करता था, आज आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में दुनिया के अन्य देशों को वैक्सीन उपलब्ध करा रहा है - यह है बदलता भारत।

***********************

कोविड वैक्सीनेशन शुरू होने के समय विपक्ष के नेता घूम-घूम कर जनता को गुमराह करते थे, वैक्सीन की गुणवत्ता पर सवाल उठाते थे और कहते थे कि यह तो मोदी वैक्सीन है, बीजेपी की वैक्सीन है - अब आप किसकी वैक्सीन लगा कर घूम रहे हैं? ये तो वही मोदी वैक्सीन और बीजेपी की वैक्सीन है न!

***********************

हम उस भारतीय जनता पार्टी के सदस्य हैं जिसने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की रणनीति के बल पर धारा 370 को धाराशायी कर दिया और करोड़ों मुस्लिम महिलाओं को ट्रिपल तलाक से मुक्त जिंदगी दी।

***********************

हम उस भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं जिसकी सरकार के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने श्रीराम जन्मभूमि पर शिलान्यास कर रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है।

***********************

ये हमारी सरकार है जिसने कृषि बजट को 20 हजार करोड़ से बढ़ा कर लगभग 1.23 लाख करोड़ रुपये किया। किसान सम्मान निधि योजना में अब तक लगभग 10 करोड़ किसानों को लगभग 1.53 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहुंचाई जा चुकी है।

***********************

उत्तर प्रदेश में लगभग 2.54 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिला है। डीएपी प्रति बोरी पर 1200 रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। किसान मान धन योजना से भी किसानों का भविष्य सुनिश्चित हो रहा है।

***********************

कोरोना काल में देश का गरीब से गरीब व्यक्ति भी भूखा न रहे, इसके लिए गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को लगातार दूसरे साल अप्रैल से लेकर नवंबर, लगातार आठ महीने आवश्यक मुफ्त अनाज उपलब्ध कराये गए।

***********************

पिछले 7 सालों में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को 15 नए एम्स की सौगात दी है। उत्तर प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। हम एक बदलता भारत और बदलता उत्तर प्रदेश देख रहे हैं।

***********************

योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर की व्यवस्था कायम की है, अब अपराधी और अराजक तत्व राज्य छोड़ने पर विवश हैं। इतना ही नहीं, डर से वे सरेंडर कर रहे हैं।

***********************

काम करने वाली सरकारें कैसी होती हैं - इसका जीता जागता प्रमाण है श्री नरेन्द्र मोदी सरकार और योगी आदित्यनाथ सरकार।

***********************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी ने आज सोमवार को गोरखपुर में पूर्वांचल क्षेत्र के 12 जिलों के लगभग 28 हजार बूथ अध्यक्षों के साथ संवाद किया और उनसे आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर घर-घर जाकर विपक्ष के दुष्प्रचार और झूठी राजनीति की पोल खोलने का आह्वान करते हुए आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी सरकार और प्रदेश में भाजपा की योगी आदित्यनाथ सरकार की उपलब्धियों को रखने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री स्वतंत्र देव सिंह जी, प्रदेश के भाजपा प्रभारी श्री राधा मोहन सिंह जी, प्रदेश के संगठन महामंत्री श्री सुनील बंसल जी, सह प्रभारी श्री अरविंद मेनन जी, श्री विवेक ठाकुर जी, केंद्रीय मंत्री श्री पंकज चौधरी जी, गोरखपुर के लोकप्रिय सांसद श्री रवि किशन जी सहित राज्य सरकार के कई वरिष्ठ मंत्रीगण, विधायक, क्षेत्र के सांसद, प्रदेश और क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

उत्तर प्रदेश की महान धरा को शत-शत नमन करते हुए माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ये भारतीय जनता पार्टी है जहाँ बूथ अध्यक्ष सम्मेलन भी विशाल जन-सभा का रूप ले लेती है। हर तरफ केसरिया ही केसरिया नजर आता है। **केसरिया सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाला रंग है। आप सब यह गर्व के साथ कह सकते हैं कि आप उस पार्टी के सदस्य हैं जिसके नेता आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी हैं जिन्होंने अपना सर्वस्व देश और प्रदेश के विकास एवं कल्याण के लिए अर्पित कर दिया है। ऐसे समर्पित कार्यकर्ताओं की पूंजी केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी के पास है।**

श्री नड्डा ने कहा कि **कोरोना काल में जब बाकी सभी राजनीतिक दल आइसोलेशन में चले गए थे, दूर-दूर तक जनता के दुःख-दर्द को बांटने वाला कोई न था, तब केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी थी जिसके कार्यकर्ता अपने प्राणों की चिंता किये बगैर जन-जन के कल्याण के लिए कार्य कर रहे थे। यह केवल भारतीय जनता पार्टी है जिसके अंदर आंतरिक लोकतंत्र है जहाँ साधारण से साधारण परिवार से आने वाला कार्यकर्ता भी देश के प्रधानमंत्री पद को सुशोभित कर सकता है और मुझ जैसा एक साधारण पार्टी कार्यकर्ता भी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। आप ये गौरव के साथ कह सकते हैं कि आप बूथ अध्यक्षों में से कोई एक प्रदेश का राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बन सकता है और मुख्यमंत्री भी।**

भारतीय जनता पार्टी और उत्तर प्रदेश की विपक्षी पार्टियों के बीच की कार्यसंस्कृति को तुलनात्मक रूप से स्पष्ट करते हुए माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **हमें प्रजातंत्र पर विश्वास है लेकिन सपा, बसपा और कांग्रेस सहित विपक्ष को परिवारतंत्र में विश्वास है, वहां केवल एक परिवार ही पनप सकता है। हम सांस्कृतिक राष्ट्रवाद में आस्था रखते हैं तो वे वंशवाद में। हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है तो उनके लिए एक परिवार का वंश सर्वोपरि है। हम सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की राजनीति करते हैं, वे वोट बैंक और वर्ग विशेष के तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। हम अंत्योदय के लिए कार्य करते हैं, वे एक परिवार के उदय के लिए कार्य करते हैं। पहले तो चाचा के लिए भी करते थे लेकिन अब तो चाचा को भी छोड़ दिया है।**

श्री नड्डा ने कहा कि **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरा भारतवर्ष प्रगति के पथ पर तेज गति से अग्रसर है तो योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास की नित नई कहानियां लिख रहा है। यह हम सबकी जिम्मेवारी है कि यदि इतनी बड़ी संख्या में हमारे पास कार्यकर्ता हैं तो बूथ अध्यक्ष, अपने बूथ के सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को काम देने की रचना करें। हर कार्यकर्ता के लिए पार्टी का काम होना चाहिए और हर काम के लिए कार्यकर्ता होने चाहिए।** पार्टी के निष्ठावान, समर्पित और परिश्रम की पराकाष्ठा करने वाले कार्यकर्ताओं के त्याग और तप के बल पर ही 2014 में भाजपा को प्रचंड जीत मिली और यह सिलसिला अनवरत उत्तर प्रदेश में जारी रहा। 2017 में भी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम के बल पर विपक्षी गठबंधन को हराते हुए भाजपा की प्रचंड जीत हुई और उत्तर प्रदेश में जीत का एक नया रिकॉर्ड कायम हुआ। **मुझे विश्वास है कि आने वाले विधान सभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पिछले सारे रिकॉर्ड ध्वस्त होंगे और भारतीय जनता पार्टी की भव्य विजय होगी। हमें उत्तर प्रदेश को संकल्प से सिद्धि की ओर ले जाना है।**

विपक्ष की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **हम तो महात्मा गाँधी से लेकर सरदार पटेल तक और देश के पुनर्निर्माण में योगदान देने वाले देश के वीर सपूतों और स्वतंत्रता सेनानियों का सदैव स्मरण करते रहते हैं लेकिन क्या कारण है कि जब-जब चुनाव आते हैं तो विपक्ष को पाकिस्तान और जिन्ना याद आ जाता है? उन्हें जनता को बताना चाहिए कि आजादी के इतने साल बाद भी राष्ट्रीय योद्धाओं और देश के लिए कुर्बान हो जाने वाले महान मनीषियों का स्मरण करने के बजाय उन्हें संकीर्ण मानसिकता वाले लोग, देश को बांटने वाले लोग और आतंक का पनाहगाह क्यों याद आते हैं? ऐसे लोगों को इतिहास**

**भी कभी माफ़ नहीं करेगा।** ये पाकिस्तान और जिन्ना का नाम लेकर राजनीति क्यों करते हैं, इसके लिए हमें गहराई में जाने की जरूरत है। मैं सभी बूथ अध्यक्षों से निवेदन करता हूँ कि आप प्रदेश के घर-घर में ये संदेश पहुंचाए कि जिन्ना और पाकिस्तान का नाम जपने वालों को, देश के खिलाफ काम करने वालों का नाम जपने वालों को घर बिठाइये और भारतीय जनता पार्टी को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाइये।

श्री नड्डा ने कहा कि **विपक्ष के पास कोई भी मुद्दा नहीं है लेकिन आपके पास माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र और योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार की अनगिनत उपलब्धियाँ हैं, इसे आप घर-घर पहुंचाएं।** जिस कोरोना के सामने विश्व के तमाम देशों ने घुटने टेक दिए, उससे देश को बचाने का काम जिस तरह से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया, वह अद्वितीय है। उन्होंने न केवल देश के नागरिकों की सुरक्षा की, बल्कि गरीबों के दो वक्त की रोटी की भी चिंता की और देश के अर्थतंत्र को भी गतिशील किया। **जापानी इंसेफ्लाइटिस, टिटनेस अदि बीमारियों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पहले बीमारियों का टीका देश में आने में कई-कई वर्ष लग जाते थे लेकिन 9 महीने से भी कम समय में कोविड के दो-दो विश्वस्तरीय मेड इन इंडिया वैक्सीन विकसित कर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दुनिया को यह दिखा दिया कि भारत अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ कर दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। देश में अब तक 116 करोड़ कोविड टीके लग चुके हैं जबकि उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा लगभग 14.54 करोड़ वैक्सीन डोज एडमिनिस्टर्ड हुए हैं जो कि एक रिकॉर्ड है। पहले भारत दूसरे देशों से वैक्सीन की याचना करता था, आज भारत आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में दुनिया के अन्य देशों को वैक्सीन उपलब्ध करा रहा है - यह है बदलता भारत।** मैं सभी बूथ अध्यक्षों से निवेदन करना चाहता हूँ कि **जब आप चुनाव में जाएँ तो ये जरूर बताएं कि टीका लगना शुरू होने के समय प्रदेश में विपक्ष के नेता घूम-घूम कर जनता को गुमराह करते थे, वैक्सीन की गुणवत्ता पर सवाल उठाते थे और कहते थे कि यह तो मोदी वैक्सीन है, बीजेपी की वैक्सीन है - अब आप किसकी वैक्सीन लगा कर घूम रहे हैं? ये तो वही मोदी वैक्सीन और बीजेपी की वैक्सीन है न! ये कैसी राजनीति है? जो लोग देश को भ्रमित करने का निकृष्ट कार्य कर रहे हैं, उनको सबक सिखाने का अवसर है यह विधान सभा चुनाव।** मैं उत्तर प्रदेश की जनता से विनम्र निवेदन करता हूँ कि आप कमल का बटन दबाकर प्रदेश में विकास की गति को और तेज करने में सहयोग करें क्योंकि भारत के पुनर्निर्माण के लिए केंद्र में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार और उत्तर प्रदेश में भाजपा की योगी आदित्यनाथ सरकार अत्यंत जरूरी हैं।

माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **हम उस भारतीय जनता पार्टी के सदस्य हैं जिसने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की रणनीति के बल पर धारा 370 को धाराशायी कर दिया। हम उस भाजपा परिवार के सदस्य हैं जिसकी श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने करोड़ों मुस्लिम महिलाओं को ट्रिपल तलाक से मुक्ति दिलाई। हम उस भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं जिसकी सरकार के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने श्रीराम जन्मभूमि पर शिलान्यास कर रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। काम करने वाली सरकारें कैसी होती हैं - इसका जीता जागता प्रमाण है श्री नरेन्द्र मोदी सरकार और भाजपा की योगी आदित्यनाथ सरकार।** चाहे गरीब कल्याण योजनायें हों या समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा में लाना है - ये सभी कार्य हमारी डबल इंजन की सरकार ने बखूबी पूरा किया है।

किसान कल्याण की चर्चा करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि **कहने को तो बहुत से किसान नेता हुए लेकिन जो पिछले 7 वर्षों में किसानों के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया, उतना आजादी के 70 सालों में भी किसी ने नहीं किया। ये हमारी सरकार है जिसने कृषि बजट को 20 हजार करोड़ रुपये से बढ़ा कर लगभग 1.23 लाख करोड़ रुपये किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में अब तक देश के लगभग 10 करोड़ से अधिक किसानों को लगभग 1.53 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके बैंक एकाउंट में पहुंचाए जा चुके हैं पहुंचाई जा चुकी है। उत्तर प्रदेश में भी लगभग 2.54 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिला है। डीएपी प्रति बोरी पर 1200 रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। कोरोना काल में देश का गरीब से गरीब व्यक्ति भी भूखा न रहे, इसके लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को लगातार दूसरे साल अप्रैल से लेकर नवंबर, लगातार आठ महीने आवश्यक मुफ्त अनाज उपलब्ध कराये गए।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **पिछले 7 सालों में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को 15 नए एम्स की सौगात दी है। भाजपा की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य के हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है। 30 मेडिकल कॉलेज**

**खोले जा चुके हैं, जल्द ही 10 और मेडिकल कॉलेज बन कर तैयार हो जायेंगे। हम एक बदलता भारत और बदलता उत्तर प्रदेश देख रहे हैं।** अब तो दुनिया के तमाम देश भी भारत की ओर आशा भरी निगाह से देख रहे हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे और डिफेन्स कॉरिडोर उत्तर प्रदेश में विकास के एक नए युग की कहानी को बयां कर रहा है। **योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर की व्यवस्था कायम की है, अब अपराधी और अराजक तत्व राज्य छोड़ने पर विवश हैं। इतना ही नहीं, डर से वे सरेंडर कर रहे हैं।** उज्ज्वला योजना, उजाला योजना, सौभाग्य योजना, जन-धन योजना, मुद्रा योजना, स्वच्छ भारत अभियान - ये सभी केवल योजनायें नहीं हैं, बल्कि महिला सशक्तिकरण की जीती जागती तस्वीर है। मैं प्रदेश की जनता का आह्वान करते हुए कहना चाहता हूँ कि **गलत जगह बटन दब जाय तो जिन्ना याद आता है लेकिन सही जगह बटन दबे तो राष्ट्र सर्वोपरि होता है।**

**महेंद्र कुमार**
(कार्यालय सचिव)